# DIPLOMA IN NUTRITION AND HEALTH EDUCATION

**Term-End Examination**

01895

**June, 2017**

## DNHE-003 : NUTRITION AND HEALTH EDUCATION

*Time : **3** hours* *Maximum Marks : **100***

***Note :*** *(i) Question No.* **1** *is* ***compulsory.***

*(ii) Answer **five** questions in **all**.*

*(iii) **All** questions carry **equal** marks.*

---

1. (a) List two benefits of working with community groups. 2

(b) Mention any two bad practices which can cause nutritional problems. 2

(c) List any four clinical sign/symptoms of physical health. 2

(d) Name any four determinants of community health. 2

(e) Give four parameters you will consider which will help you identify pregnant woman at risk. 2

(f) List any four common nutritional problems in preschoolers. 2

(g) Name any two information centred group communication methods and two behaviour centred methods. 2

(h) List any four printed media you may use to convey messages. 2

(i) Present the nutritional value of the supplement provided to primary school children under the mid-day meal programme. 2

(j) What do you understand by the term "Participatory Rural Appraisal" (PRA) ? 2

2. (a) Briefly discuss how will you help the community recognize/identify and solve the major nutrition problems affecting them. 10

(b) Explain briefly the concept of community nutrition highlighting its three distinct components. 10

3. (a) What are the factors which influence our food behaviour ? Comment briefly. 10

(b) Classify the methods of mass communication. 5

(c) Elaborate the steps you would follow while conducting a demonstration. 5

4. (a) Mention any five messages linked to nutritional deficiencies that you will advocate for the masses. 5

(b) Plan and prepare any one communication media you will use to convey the messages mentioned at (a) above. Present the plan as part of this answer. 15

5. (a) Mention the non-machine and machine operated teaching aids which can be used in nutrition health education. 5

(b) What is the role of teaching aids in nutrition/health education ? 10

(c) What points would you keep in mind while preparing a poster ? 5

6. (a) Differentiate between the traditional and modern approaches in nutritional and health education. Highlight the approaches within each and describe their importance. 15

(b) Give the principles of woman-to-woman strategy. 5

7. (a) Why is nutrition education important and essential ? 8

(b) With the help of a flow chart illustrate the process model for conveying suitable messages to target groups. 6

(c) Briefly explain the process you will adopt for promoting and sustaining community action/participation. 6

8. Write short notes on **any four** of the following : 5+5+5+5

(a) Child-to-child strategy - Basic concept.

(b) Use of Educational games for imparting nutrition education.

(c) Advantages and limitations of using film slides.

(d) Use of educational broadcasting for nutrition health education.

(e) Persuasive approach and its significance in nutrition health education.

डी.एन.एच.ई.-003

# पोषण और स्वास्थ्य शिक्षा में डिप्लोमा

## सत्रांत परीक्षा

## जून, 2017

## डी.एन.एच.ई.-003 : पोषण और स्वास्थ्य शिक्षा

*समय : 3 घण्टे* *अधिकतम अंक : 100*

**नोट :** *(i) प्रश्न संख्या 1* ***अनिवार्य*** *है।*

*(ii) कुल* ***पाँच*** *प्रश्नों के उत्तर दीजिए।*

*(iii)* ***सभी*** *प्रश्नों के अंक* ***समान*** *हैं।*

---

1. (a) समुदाय समूहों के साथ काम करने के दो लाभों को सूचीबद्ध कीजिए। 2

(b) किन्हीं ऐसी दो कुप्रथाओं का उल्लेख कीजिए जिनसे पोषणात्मक समस्याएँ हो सकती हैं। 2

(c) शारीरिक स्वास्थ्य के किन्हीं चार नैदानिक लक्षणों को सूचीबद्ध कीजिए। 2

(d) समुदाय स्वास्थ्य के किन्हीं चार निर्धारकों के नाम बताइए। 2

(e) चार ऐसे आधार बताइए जो जोखिम–ग्रस्त गर्भवती महिला की पहचान करने में आपके सहायक होंगे। 2

(f) स्कूलपूर्व बच्चों की किन्हीं चार सामान्य पोषणात्मक समस्याओं को सूचीबद्ध कीजिए। 2

(g) किन्हीं दो सूचना केंद्रित समूह संचार विधियों और दो व्यवहार केंद्रित विधियों के नाम बताइए। 2

(h) संदेशों को संप्रेषित करने के लिए आप जिन मुद्रित माध्यमों का प्रयोग कर सकते हैं, उनमें से किन्हीं चार को सूचीबद्ध कीजिए। 2

(i) मध्याह्न भोजन कार्यक्रम के अन्तर्गत प्राइमरी स्कूल के बच्चों को प्रदान किए जाने वाले पूरक के पोषणात्मक मान की जानकारी दीजिए। 2

(j) 'सहभागी ग्रामीण मूल्यांकन' (PRA) से आप क्या समझते हैं? 2

2. (a) समुदाय को प्रभावित करने वाली पोषण संबंधी समस्याओं की पहचान करने/पता लगाने व उनका समाधान करने में समुदाय की मदद् आप किस प्रकार करेंगे, संक्षेप में चर्चा कीजिए। 10

(b) समुदाय पोषण की संकल्पना और उसके तीन घटकों का संक्षेप में वर्णन कीजिए। 10

3. (a) हमारे खाद्य व्यवहार को प्रभावित करने वाले कारक कौन से हैं? संक्षेप में टिप्पणी कीजिए। 10

(b) जनसंचार की विधियों (तरीकों) को वर्गीकृत कीजिए। 5

(c) निदर्शन का आयोजन करते समय आप जिन चरणों का अनुसरण करेंगे उनका वर्णन कीजिए। 5

4. (a) पोषणात्मक हीनताओं से जुड़े किन्हीं ऐसे पाँच संदेशों का उल्लेख कीजिए जो आप जनता को देंगे। 5

(b) किसी एक ऐसे संचार माध्यम की योजना बनाइए व तैयार कीजिए जिसका प्रयोग आप ऊपर (a) में वर्णित संदेशों को संप्रेषित करने के लिए करेंगे। योजना को उत्तर के एक भाग के रूप में प्रस्तुत कीजिए। 15

5. (a) उन ग़ैर-मशीनी माध्यमों और मशीन चालिक उपकरण सहायक शिक्षण सामग्रियों का उल्लेख कीजिए जिनका प्रयोग पोषण स्वास्थ्य शिक्षा में किया जा सकता है। 5

(b) पोषण/स्वास्थ्य शिक्षा में सहायक शिक्षण सामग्रियों की क्या भूमिका है? 10

(c) एक पोस्टर तैयार करते समय आप किन बातों को ध्यान में रखेंगे? 5

6. (a) पोषण और स्वास्थ्य शिक्षा में पारंपरिक और आधुनिक उपागमों के बीच अंतर बताइए। प्रत्येक में सम्मिलित उपागमों पर प्रकाश डालिए और उनके महत्व का वर्णन कीजिए। 15

(b) महिला-से-महिला कार्यनीति के सिद्धांत बताइए। 5

7. (a) पोषण शिक्षा क्यों महत्वपूर्ण व अनिवार्य है? 8

(b) फ्लो चार्ट की सहायता से लक्ष्य समूहों को उचित संदेश देने के लिए प्रक्रिया मॉडल को स्पष्ट रूप से वर्णन कीजिए। 6

(c) समुदाय क्रिया/सहभागिता को बढ़ावा देने के लिए आप किस प्रक्रिया को अपनाएंगे उसका संक्षेप में वर्णन कीजिए। 6

8. निम्नलिखित में से **किन्हीं चार** पर संक्षिप्त टिप्पणियाँ लिखिए : 5+5+5+5

(a) चाइल्ड-टू-चाइल्ड कार्यनीति - मूलभूत संकल्पना।

(b) पोषण-शिक्षा प्रदान करने के लिए शैक्षिक खेलों का प्रयोग।

(c) फिल्म स्लाइडें प्रयोग करने के लाभ व सीमाएँ।

(d) पोषण स्वास्थ्य शिक्षा के लिए शैक्षिक प्रसारण का प्रयोग।

(e) पोषण स्वास्थ्य शिक्षा के विश्वासोत्पादक उपागम और इसका महत्व।